दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में वर्षा की कमी

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) द्वारा दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में वर्षा पैटर्न के विषय में 123 वर्षों में रिकॉर्ड किये गए हालिया विश्लेषण से पता चला है कि **इस वर्ष क्षेत्र को अपने मौसम संबंधी इतिहास में छठे सबसे शुष्क अक्तूबर का सामना करना पड़ा है।**

- **केरल, माहे, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, तमिलनाडु, कराईकल, पुडुचेरी, तटीय आंध्र प्रदेश, यानम और रायलसीमा** वाले दक्षिणी प्रायद्वीपीय क्षेत्र में अक्तूबर में केवल 74.9 मिमी. वर्षा हुई, **जो सामान्य से लगभग 60% कम थी।**

दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में वर्षा में कमी के प्रमुख कारक:

- **पूर्वोत्तर मानसून और हामून चक्रवात का संगम: पूर्वोत्तर मानसून की शुरुआत हामून चक्रवात की उत्पत्ति** के साथ हुई, जिससे **दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में वर्षा पैटर्न प्रभावित हुआ।**
  - इससे पवन के प्रवाह का पैटर्न बदल गया और उत्तर-पूर्वी मानसून की शुरुआत कमज़ोर हो गई।
- **अल-नीनो और हिंद महासागर द्विध्रुव (IOD):** वर्ष 2023 एक अल-नीनो वर्ष है जो हिंद महासागर द्विध्रुव (IOD) के सकारात्मक चरण के साथ संयुक्त है।
  - ऐसी स्थिति में **उत्तरी तमिलनाडु और आसपास के क्षेत्रों में** वर्षा कम होती है।
    - जबकि तमिलनाडु और केरल के दक्षिणी क्षेत्रों में अक्तूबर में अधिक वर्षा होती है।



- **चक्रवात हामून:**
  - यह एक अत्यंत भीषण उष्णकटिबंधीय चक्रवात था जिसने 25 अक्तूबर, 2023 को बांग्लादेश में प्रवेश किया।
    - यह चक्रवात **बंगाल की खाड़ी के पश्चिम-मध्य भाग के कम दबाव वाले क्षेत्र** में बना है।
  - **शब्द "हमून"** एक फारसी शब्द है जो **अंतर्देशीय मरुस्थलीय झीलों या दलदली भूमि को संदर्भित करता है** इसका **नाम ईरान** द्वारा रखा गया था।
- **अल-नीनो:**
  - यह एक प्राकृतिक घटना है जिसमें **भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में सतह के जल का समय-समय पर गर्म होना शामिल है।**
    - **स्पैनिश में "अल-नीनो"** शब्द **का अर्थ "छोटा बच्चा"** होता है।
    - यह अल-नीनो दक्षिणी दोलन (ENSO) नामक जलवायु पैटर्न के दो चरणों में से एक है।
  - इसके परिणामस्वरुप भारत में **मानसूनी वर्षा पर प्रतिकूल प्रभाव** पड़ता है।
- **हिंद महासागर द्विध्रुव (IOD):**
  - **IOD** एक **वायुमंडल-महासागरीय घटना** है जो हिंद महासागर में घटित होती है।
  - हिंद महासागर के पूर्वी व पश्चिमी भागों के **पृष्ठीय तापमान में असमानता** इसकी प्रमुख विशेषता है।





- **भारत मौसम विज्ञान विभाग:**
    - इसकी स्थापना वर्ष 1875 में हुई थी।
    - यह देश की **राष्ट्रीय मौसम विज्ञान सेवा** है तथा **मौसम विज्ञान व संबद्ध विषयों से संबंधित सभी मामलों** में प्रमुख सरकारी एजेंसी है।

UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

???????????:

Q. भारतीय मानसून का पूर्वानुमान करते समय कभी-कभी समाचारों में उल्लखिति 'इंडयिन ओशन डाइपोल (IOD)' के संदर्भ में नम्निलखिति कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं? (2017)

1. IOD परघिटना उष्णकटबिंधीय पश्चमिी हदि महासागर एवं उष्णकटबिंधीय पूर्वी प्रशांत महासागर के बीच सागर-पृष्ठ के तापमान के अंतर से वशिषेति होती है।
2. IOD परघिटना मानसून पर अल-नीनो के असर को प्रभावति कर सकती है।

नीचे दयि गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनयि:

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

उत्तर: (b)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rainfall-deficiency-in-southern-peninsular-india